# मेरे प्यारे हनुमान | By Divya Shakti |

मेरे प्यारे भक्त हनुमान
करते हो कार्य महान
दुनिया में आप जैसा
कोई वीर नहीं बलवान

लक्ष्मण के प्राण बचाकर
लंका पे डंका बजाकर
आप की ही कृपा से
हम अवध भी वापस आए

रखते सदा सबका मान
अद्भुत है आपको ज्ञान
दुनिया में आप जैसा
कोई वीर नहीं बलवान

जो आपको भजता है
सब सुख वो पाता है
जीवन से उसकी तो
दुख भाग जाता है

मग्न रहते हो हनुमान
सदा भजते हो राम ही राम
कलियुग में आपको तो
पूजा जाएगा हनुमान

तुम्हें धरती पे जाना है
सबके दुखड़े मिटाना है
भक्त और भगवान का ये
तुम्हें मान बढ़ाना है

देता हूं अभय वरदान
रहो अमर ही दया निधान
दुनिया में आप जैसा
कोई वीर नहीं बलवान

मेरे प्यारे भक्त हनुमान
करते हो कार्य महान
दुनिया में आप जैसा
कोई वीर नहीं बलवान

[https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-divya-shakti/](https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-divya-shakti/)